**INTELLIGENCE BUREAU**

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Post Name | ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER-GRADE-II/EXECUTIVE |

Section : **Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.1 | केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के प्रतिशत के रूप में अनुमानित राजकोषीय घाटा कितना है? |
| Ans | ✔ 1. 4.4% |
| | ✘ 2. 5.0% |
| | ✘ 3. 4.7% |
| | ✘ 4. 4.1% |

| | |
|---|---|
| Q.2 | उच्चतर शिक्षा में रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (Recognition of Prior Learning-RPL) के कार्यान्वयन हेतु ड्राफ्ट गाइडलाइन्स (draft guidelines) दिसंबर 2024 में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किए गए थे? |
| Ans | ✘ 1. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद |
| | ✘ 2. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय |
| | ✘ 3. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद |
| | ✔ 4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग |

| | |
|---|---|
| Q.3 | 2025 में, अमेरिका स्थित किस बायोटेक कंपनी ने भारत में $200 मिलियन का इनोवेशन सेंटर (innovation centre) का उद्घाटन किया? |
| Ans | ✘ 1. रेजेनरॉन (Regeneron) |
| | ✘ 2. बायोजेन (Biogen) |
| | ✔ 3. एमजेन (Amgen) |
| | ✘ 4. नोवावैक्स (Novavax) |

| | |
|---|---|
| Q.4 | 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप (National Cross Country Athletics Championships) ______________ में आयोजित की गई। |
| Ans | ✔ 1. जनवरी 2025 |
| | ✘ 2. मार्च 2025 |
| | ✘ 3. मई 2025 |
| | ✘ 4. अप्रैल 2025 |

| | |
|---|---|
| Q.5 | निम्नलिखित में से कौन-सा जापानी शहर, एक्सपो 2025 की मेजबानी कर रहा है, जो 'डिजाइनिंग फ्यूचर सोसाइटी फॉर अवर लाइव्स (Designing Future Society for Our Lives)' थीम पर केंद्रित वर्ल्ड एक्सपो है? |
| Ans | ✘ 1. नागोया |
| | ✘ 2. टोक्यो |
| | ✔ 3. ओसाका |
| | ✘ 4. क्योटो |

| | |
|---|---|
| Q.6 | मार्च 2025 में किस भारतीय राज्य ने मानव अंग और ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम लागू किया? |
| Ans | ✘ 1. पश्चिम बंगाल |
| | ✘ 2. गुजरात |
| | ✔ 3. तेलंगाना |
| | ✘ 4. केरल |

| | |
|---|---|
| Q.7 | 2025 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप कहाँ आयोजित की जाएगी? |
| Ans | ✘ 1. बेंगलुरु |
| | ✘ 2. कोलकाता |
| | ✔ 3. नई दिल्ली |
| | ✘ 4. मुंबई |

| | |
|---|---|
| Q.8 | केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, समुद्री उद्योग के दीर्घकालिक वित्तपोषण हेतु समुद्री विकास निधि के लिए प्रस्तावित कोष कितना है? |
| Ans | ✘ 1. ₹20,000 करोड़ |
| | ✘ 2. ₹15,000 करोड़ |
| | ✔ 3. ₹25,000 करोड़ |
| | ✘ 4. ₹10,000 करोड़ |

| | |
|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित में से किसने 2024 में, नई दिल्ली में आधिकारिक तौर पर टीचरऐप (TeacherApp) लॉन्च किया था? |
| Ans | ✗ 1. कौशल विकास मंत्री |
| | ✓ 2. केंद्रीय शिक्षा मंत्री |
| | ✗ 3. NITI आयोग के CEO |
| | ✗ 4. भारत के राष्ट्रपति |

| | |
|---|---|
| Q.10 | ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) को किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. लोक कार्य |
| | ✗ 2. साहित्य और शिक्षा |
| | ✓ 3. व्यापार और उद्योग |
| | ✗ 4. समाज कार्य |

| | |
|---|---|
| Q.11 | 2025 में, बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा को कौन-से सम्मान से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. पद्म भूषण |
| | ✓ 2. पद्म विभूषण |
| | ✗ 3. भारत रत्न |
| | ✗ 4. पद्म श्री |

| | |
|---|---|
| Q.12 | 2025 के SpaDeX मिशन में, अंतरिक्ष यान नेविगेशन के लिए कौन-सी स्वदेशी प्रौद्योगिकी शामिल की गई है? |
| Ans | ✓ 1. GNSS-आधारित सापेक्ष कक्षा निर्धारण और प्रोपागेशन (RODP) प्रोसेसर |
| | ✗ 2. मैग्नेटोस्फीयर स्कैनिंग सिस्टम |
| | ✗ 3. हाइब्रिड रॉकेट प्रोपल्शन |
| | ✗ 4. AI-संचालित स्व-शिक्षण कक्षा सापेक्ष कक्षा निर्धारण और प्रोपागेशन (RODP) प्रोसेसर |

| | |
|---|---|
| Q.13 | मार्च 2025 में जारी देश के पहले विस्तृत डॉल्फिन संख्या सर्वेक्षण के अनुसार, दूसरे सबसे अधिक संख्या वाले राज्य बिहार में डॉल्फ़िन की अनुमानित संख्या कितनी है? |
| Ans | ✓ 1. 2,220 |
| | ✗ 2. 1,625 |
| | ✗ 3. 1,965 |
| | ✗ 4. 2,397 |

| Q.14 | 2025 में कौमार्य परीक्षण पर एक राज्य उच्च न्यायालय का फैसला भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद पर आधारित था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 19 |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 14 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 32 |
| | ✓ 4. अनुच्छेद 21 |

| Q.15 | मेघालय में रैट-होल माइनिंग (rat-hole mining) की वैधता के संबंध में भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद विचारधीन है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. अनुच्छेद 371 |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 372 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 355 |
| | ✗ 4. अनुच्छेद 375 |

| Q.16 | 2025 में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के शोधकर्ताओं द्वारा खोजी गई नई नेमाटोड (nematode) प्रजाति का वैज्ञानिक नाम क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. क्रैसोलैबियम भारती (Crassolabium Bharati) |
| | ✗ 2. क्रैसोलैबियम इंडिका (Crassolabium Indica) |
| | ✓ 3. क्रैसोलैबियम धृतिया (Crassolabium Dhritiae) |
| | ✗ 4. क्रैसोलैबियम हिमाचली (Crassolabium Himachali) |

| Q.17 | साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित निम्नलिखित में से किसे 2025 में मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. एम. टी. वासुदेवन नायर |
| | ✗ 2. अरुणोदय साहा |
| | ✗ 3. मोहम्मद रफ़ी |
| | ✗ 4. एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी |

| Q.18 | मार्च 2025 में आए विनाशकारी भूकंप से म्यांमार का कौन-सा शहर सबसे अधिक प्रभावित हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. यांगून |
| | ✗ 2. बागो |
| | ✗ 3. नेपीडॉ |
| | ✓ 4. मांडले |

| Q.19 | मुंबई में आयोजित स्पोर्टस्टार एसेस अवार्ड्स 2025 ( Sportstar Aces Awards 2025) में, निम्नलिखित में से किसने संयुक्त रूप से नेशनल टीम ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम |
| | ✓ 2. भारतीय पुरुष और महिला शतरंज टीम |
| | ✗ 3. भारतीय महिला क्रिकेट और हॉकी टीम |
| | ✗ 4. भारतीय पुरुष क्रिकेट और फुटबॉल टीम |

| Q.20 | 17 अक्टूबर 2024 को, सर्वोच्च न्यायालय की 5-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4 : 1 बहुमत से नागरिकता अधिनियम, 1955 की किस धारा की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. धारा 15A |
| | ✗ 2. धारा 1A |
| | ✓ 3. धारा 6A |
| | ✗ 4. धारा 45A |

Section : **General Studies**

| Q.1 | विश्व भर के उपोष्णकटिबंधीय मरुस्थलों में आमाप (size) के संबंध में थार मरुस्थल का स्थान कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 7वां सबसे बड़ा |
| | ✗ 2. 5वां सबसे बड़ा |
| | ✓ 3. 9वां सबसे बड़ा |
| | ✗ 4. 11वां सबसे बड़ा |

| Q.2 | किस योजना में बीस सूत्री कार्यक्रम की शुरुआत हुई तथा योजना प्रक्रिया का राजनीतिकरण बढ़ा? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना |
| | ✗ 2. सातवीं पंचवर्षीय योजना |
| | ✗ 3. छठी पंचवर्षीय योजना |
| | ✗ 4. चौथी पंचवर्षीय योजना |

| | |
|---|---|
| Q.3 | **निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन द्वारा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया?** |
| Ans | ✗ 1. 103वां |
| | ✓ 2. 102वां |
| | ✗ 3. 99वां |
| | ✗ 4. 97वां |

| | |
|---|---|
| Q.4 | **भारत के उप-राष्ट्रपति के चयन के लिए कौन-सी प्रक्रिया अपनाई जाती है?** |
| Ans | ✗ 1. फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट (First-past-the-post) प्रणाली |
| | ✗ 2. जनता द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव |
| | ✗ 3. लॉटरी प्रणाली |
| | ✓ 4. एकल संक्रमणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व |

| | |
|---|---|
| Q.5 | **निम्नलिखित में से कौन-सा, उच्च न्यायालय से किसी न्यायाधीश को बर्खास्त करने का आधार है?** |
| Ans | ✗ 1. केस निपटान की दर |
| | ✗ 2. वित्तीय स्थिति |
| | ✗ 3. राजनीतिक असहमति |
| | ✓ 4. दुर्व्यवहार या अक्षमता |

| | |
|---|---|
| Q.6 | **भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, सदनों को संबोधित करने तथा उनसे संवाद करने के राष्ट्रपति के अधिकार से संबंधित है?** |
| Ans | ✓ 1. अनुच्छेद 86 |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 83 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 84 |
| | ✗ 4. अनुच्छेद 85 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **जुलाई 1991 में घोषित नई औद्योगिक नीति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?** |
| Ans | ✗ 1. इसने विनिर्माण और आधारभूत उद्योगों में FDI पर प्रतिबंध लगा दिया। |
| | ✗ 2. इसने पांच वर्षीय औद्योगिक लाइसेंसिंग समीक्षा तंत्र की शुरुआत की। |
| | ✗ 3. इसने सभी उद्योगों के लिए लाइसेंसिंग के दायरे का विस्तार किया। |
| | ✓ 4. इसने पहले सार्वजनिक क्षेत्र के लिए निर्धारित कई उद्योगों को अनारक्षित कर दिया। |

| | |
|---|---|
| Q.8 | मदन मोहन मालवीय के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?<br><br>1. वे आर्य समाज के संस्थापक थे और विधवा पुनर्विवाह के समर्थक थे।<br>2. वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे।<br>3. उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की और हिंदू राष्ट्रवाद के प्रस्तावक थे।<br>4. उन्होंने अली बंधुओं के साथ मिलकर खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किया। |
| Ans | ✗ 1. केवल 1 और 2 |
| | ✓ 2. केवल 3 और 4 |
| | ✗ 3. केवल 2 और 3 |
| | ✗ 4. केवल 3 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | 1865 में 'विधवा विवाह उत्तेजक मंडल (विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए सोसायटी)' की शुरुआत किसने की? |
| Ans | ✗ 1. नारायण गणेश चंदावरकर |
| | ✓ 2. विष्णु परशुराम शास्त्री पंडित |
| | ✗ 3. विष्णुशास्त्री चिपलूनकर |
| | ✗ 4. रामकृष्ण गोपाल भांडारकर |

| | |
|---|---|
| Q.10 | दक्षिण भारतीय मंदिरों में गर्भगृह के ऊपर ऊंचे, पिरामिडनुमा मीनार को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✗ 1. स्तूपिका |
| | ✓ 2. विमान |
| | ✗ 3. शिखर |
| | ✗ 4. गोपुरम |

| | |
|---|---|
| Q.11 | PLFS (आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण- त्रैमासिक बुलेटिन) के अनुसार, अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए भारत में शहरी बेरोजगारी दर कितनी थी? |
| Ans | ✓ 1. 6.46% |
| | ✗ 2. 11% |
| | ✗ 3. 5.5% |
| | ✗ 4. 9.2% |

| Q.12 | 'हायसिंथ' और 'लैंटाना' क्या हैं और भारत में उनका क्या प्रभाव है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने वाली देशी वनस्पति प्रजातियाँ |
| | ✗ 2. मृदा उत्पादकता बढ़ाने के लिए उगाई गईं उर्वरक-वर्धक फसलें |
| | ✗ 3. रेत के टीलों को स्थिर करने के लिए उगाई गईं रेगिस्तान के अनुकूल प्रजातियाँ |
| | ✓ 4. उपयोगी पौधों की वृद्धि में बाधा डालने वाली आक्रामक प्रजातियाँ |

| Q.13 | भारत के विशाल उत्तरी मैदानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>उत्तरी मैदान भारत की कुल जनसंख्या के आधे से अधिक का भरण-पोषण करते हैं, जबकि ये देश के भू-भाग का केवल एक-चौथाई भाग ही हैं।<br>ये मैदान गहरी जलोढ़ मृदा, बारहमासी नदियों और अनुकूल जलवायु के कारण कृषि की दृष्टि से समृद्ध हैं।<br>इस क्षेत्र को "देश का गेहूँ का कटोरा" कहा जाता है क्योंकि इसके सभी उप-क्षेत्रों में गेहूँ की खेती प्रमुखता से की जाती है।<br>उत्तरी मैदानों की विशेषता अत्यंत समतल भूभाग है जिसकी प्रवणता पूर्व की ओर कम होती है और सम्पूर्ण क्षेत्र में उन्नयन का अंतर न्यूनतम होता है।<br>उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. केवल 2 और 3 |
| | ✗ 2. केवल 1 और 2 |
| | ✓ 3. केवल 2 और 4 |
| | ✗ 4. केवल 1, 3 और 4 |

| Q.14 | हल्दीघाटी युद्ध के दौरान मुगल शासक कौन था? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. अकबर |
| | ✗ 2. हुमायूँ |
| | ✗ 3. बाबर |
| | ✗ 4. शाहजहाँ |

| Q.15 | अकबर की धार्मिक सहिष्णुता की नीति को क्या कहा जाता था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. इक्ता (Iqta) |
| | ✗ 2. दीन-ए-इलाही (Din-i-Ilahi) |
| | ✓ 3. सुलह-ए-कुल (Sulh-i-Kul) |
| | ✗ 4. ज़ब्त (Zabt) |

| | |
|---|---|
| Q.16 | कौन-सा अनुच्छेद संवैधानिक उपचारों के अधिकार का प्रावधान करता है, जिससे नागरिकों को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए न्यायालय जाने की अनुमति प्राप्त होती है? |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 14 |
| | ✓ 2. अनुच्छेद 32 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 226 |
| | ✗ 4. अनुच्छेद 21 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | 1991 में निम्नलिखित में से किस नीति सुधार ने औद्योगिक लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को महत्वपूर्ण रूप से कम कर दिया, जिससे औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई? |
| Ans | ✗ 1. विशेष आर्थिक क्षेत्र नीति |
| | ✗ 2. मेक इन इंडिया पहल |
| | ✓ 3. नई औद्योगिक नीति |
| | ✗ 4. हरित क्रांति |

| | |
|---|---|
| Q.18 | भारत के उत्तरी मैदान में किस प्रकार की मृदा पाई जाती है? |
| Ans | ✗ 1. लैटेराइट मृदा |
| | ✗ 2. लाल मृदा |
| | ✗ 3. काली मृदा |
| | ✓ 4. जलोढ़ मृदा |

| | |
|---|---|
| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा स्मारक विश्व के सबसे ऊंचे प्रवेश द्वार 'बुलंद दरवाजा' के लिए जाना जाता है? |
| Ans | ✗ 1. कुतुब मीनार |
| | ✗ 2. लाल किला |
| | ✗ 3. हुमायूँ का मकबरा |
| | ✓ 4. फ़तेहपुर सीकरी |

| | |
|---|---|
| Q.20 | फसल चयन के संदर्भ में रोपण खेती की मुख्य विशेषता क्या है? |
| Ans | ✗ 1. बाजार की मांग के आधार पर फसलों का चयन किया जाता है |
| | ✓ 2. बृहत् क्षेत्र में एक ही फसल उगाई जाती है |
| | ✗ 3. लघु क्षेत्र में विभिन्न फसलें उगाई जाती हैं |
| | ✗ 4. मौसम के अनुसार फसल चक्रण किया जाता है |

Section : **Numerical Aptitude**

| | |
|---|---|
| Q.1 | एक निश्चित धनराशि किसी निश्चित चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 16 वर्षों में स्वयं की तीन गुनी हो जाती है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित है। यह धनराशि कितने वर्षों में स्वयं की 81 गुनी हो जाएगी? |
| Ans | ✗ 1. 67 वर्ष |
| | ✗ 2. 62 वर्ष |
| | ✗ 3. 56 वर्ष |
| | ✓ 4. 64 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.2 | किसी व्यक्ति ने ₹54,000 का 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्ष के लिए निवेश किया। उसे 2 वर्ष बाद प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 65,800 |
| | ✗ 2. 10,800 |
| | ✗ 3. 11,800 |
| | ✓ 4. 64,800 |

| | |
|---|---|
| Q.3 | 7-अंकों वाली संख्या 20A716B, 24 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 3 |
| | ✗ 2. 5 |
| | ✗ 3. 6 |
| | ✓ 4. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.4 | यदि $4p + 2q - r = 9$, $p - q + 3r = -4$, $2p + r = 1$ है, तो $p + 2q + r$ का मान कितना होगा? |
| Ans | ✓ 1. 4 |
| | ✗ 2. 2 |
| | ✗ 3. 1 |
| | ✗ 4. −1 |

| | |
|---|---|
| Q.5 | संख्या 106 को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि पहले का चौथा भाग और दूसरे का नौवां भाग, 2 : 5 के अनुपात में हो। पहला भाग कितना होगा? |
| Ans | ✗ 1. 21 |
| | ✗ 2. 35 |
| | ✗ 3. 53 |
| | ✓ 4. 16 |

| | |
|---|---|
| Q.6 | $\frac{\{18^3 + 36(18)^2 + 54(12)^2 + 12^3\}^{\frac{2}{3}}}{\sqrt[3]{3375} + \sqrt[3]{4096} + \sqrt[3]{2744}}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 20 |
| | ✘ 2. 15 |
| | ✘ 3. 28 |
| | ✘ 4. 31 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | यदि 24 और 60 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान क्या है? |
| Ans | ✘ 1. 148 |
| | ✘ 2. 149 |
| | ✔ 3. 150 |
| | ✘ 4. 152 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 324 m की दूरी 108 सेकंड में तय करता है। वह समान दूरी का दूसरा चक्कर 54 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/s में) कितनी है? |
| Ans | ✘ 1. 8 |
| | ✘ 2. 14 |
| | ✔ 3. 4 |
| | ✘ 4. 1 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान की पुस्तकों के तीन सेटों में क्रमशः 705, 376 और 188 पुस्तकें हैं, जिन्हें इस प्रकार स्टैक (stack) लगाकर रखा जाना है कि सभी पुस्तकें विषयवार रखी हों और प्रत्येक स्टैक में पुस्तकों की संख्या समान हो। स्टैक की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 32 |
| | ✘ 2. 18 |
| | ✘ 3. 23 |
| | ✔ 4. 27 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | तीन व्यक्ति A, B और C एक निर्माण कार्य को 28 दिनों में पूरा करने के लिए सहमत हुए। A, B और C ने प्रथम 5 दिन तक काम किया और कार्य का $\frac{11}{40}$ भाग पूरा किया। A और B ने अगले 3 दिन तक काम किया और कार्य का $\frac{1}{8}$ भाग पूरा किया। शेष कार्य को अंतिम 20 दिनों में A और C द्वारा पूरा किया गया। A, B और C अकेले पूरे कार्य को क्रमशः कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं? |
| Ans | ✘ 1. 90, 75, 60 |
| | ✘ 2. 50, 40, 90 |
| | ✔ 3. 40, 60, 75 |
| | ✘ 4. 75, 40 , 60 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | एक दूधवाला एक कैन में पानी और दूध का मिश्रण तैयार करता है, जिसमें पानी और दूध का अनुपात 5 : 7 है। गलती से उससे 18 लीटर मिश्रण गिर जाता है। फिर वह कैन में गिरे हुए मिश्रण के बराबर पानी भर देता है। इससे पानी और दूध का अनुपात 9 : 7 हो जाता है। कैन में प्रारंभ में कितना दूध (लीटर में) था? |
| Ans | ✗ 1. 48 |
| | ✓ 2. 42 |
| | ✗ 3. 54 |
| | ✗ 4. 40 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | एक डीलर दो वस्तुएं X और Y में से प्रत्येक वस्तु ₹2,000 दर से खरीदता है। वह उनमें से प्रत्येक पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 44% और 37% की दो क्रमागत छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹989 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 64% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत कितना है? |
| Ans | ✗ 1. 51.5% |
| | ✗ 2. 51% |
| | ✓ 3. 52.5% |
| | ✗ 4. 52% |

| | |
|---|---|
| Q.13 | एक नोटबुक का अंकित मूल्य ₹288 है और इसे 25% की छूट पर बेचा जाता है। छूट के बाद वाले मूल्य पर कितने प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जानी चाहिए ताकि अंतिम विक्रय मूल्य ₹108 हो जाए? |
| Ans | ✓ 1. 50% |
| | ✗ 2. 52% |
| | ✗ 3. 55% |
| | ✗ 4. 48% |

| | |
|---|---|
| Q.14 | एक पाइप टैंक को 27 मिनट में भर सकता है जबकि एक अन्य पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 36 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को खाली टैंक में एक साथ चलाया जाए, तो टैंक को पूरी तरह से भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा? |
| Ans | ✓ 1. 108 |
| | ✗ 2. 110 |
| | ✗ 3. 111 |
| | ✗ 4. 109 |

| Q.15 | केशव को सेल में पहले वर्ष 5% की वृद्धि प्राप्त होती है और दूसरे वर्ष 20% की वृद्धि प्राप्त होती है, जिससे उनकी वर्तमान सेल ₹2,52,000 हो जाती है। दो वर्ष पहले उसका सेल (₹ में) कितना था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 1,80,000 |
| | ✗ 2. 2,40,000 |
| | ✗ 3. 2,10,000 |
| | ✓ 4. 2,00,000 |

| Q.16 | दो धावक, X और Y, एक ही बिंदु से 500 m के वृत्ताकार ट्रैक पर एक ही समय पर, एक ही दिशा में दौड़ना शुरू करते हैं। धावक X एक चक्कर 60 सेकंड में पूरा करता है, जबकि धावक Y को इसके लिए 75 सेकंड लगते हैं। हर बार जब Y ट्रैक पर X के बिल्कुल विपरीत होता है, तो एक घंटी बजती है। फिर, दोनों के शुरुआती बिंदु पर फिर से एक साथ पहुँचने से पहले, कितनी बार घंटी बजेगी, और फिर से मिलने तक प्रत्येक धावक द्वारा तय की गई कुल दूरियों (km में) का योग कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 2; 5 km |
| | ✓ 2. 2; 4.5 km |
| | ✗ 3. 3; 5 km |
| | ✗ 4. 3; 4.5 km |

| Q.17 | मैंने ₹1,200 में दो साइकिलें खरीदीं। मैंने पहली साइकिल को 13% की हानि पर और दूसरी को 11% के लाभ पर बेच दिया। यदि, कुल मिलाकर मुझे न तो कोई हानि हुई, न ही लाभ हुआ, तो पहली साइकिल का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 574 |
| | ✓ 2. 550 |
| | ✗ 3. 534 |
| | ✗ 4. 570 |

| Q.18 | 8 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 27 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 15 |
| | ✓ 2. 19 |
| | ✗ 3. 16 |
| | ✗ 4. 18 |

| Q.19 | 80,000 पंजीकृत मतदाताओं में से 25% ने पहले चरण में मतदान नहीं किया। जिन लोगों ने मतदान किया, उनमें से 12% वोट अवैध थे। पहले चरण में बराबरी के कारण, केवल दो प्रमुख उम्मीदवार ही दूसरे चरण के मतदान में आगे बढ़े, जहाँ पहले चरण के केवल 80% वैध मतदाता ही दोबारा मतदान करने आए। दूसरे चरण में, एक उम्मीदवार को 30% वोट मिले और दूसरे उम्मीदवार को शेष वोट मिले। दूसरे चरण में विजेता कितने वोटों से जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 16986 |
| | ✓ 2. 16896 |
| | ✗ 3. 17986 |
| | ✗ 4. 17896 |

| Q.20 | प्रथम 147 प्राकृत संख्याओं के वर्गों का औसत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 7277.67 |
| | ✗ 2. 7275.67 |
| | ✓ 3. 7276.67 |
| | ✗ 4. 7278.17 |


Section : **Reasoning or Logical Aptitude**

| Q.1 | C, D, E, O, P और Q एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। Q, मंजिल क्रमांक 5 पर रहता है। O, Q के ऊपर किसी मंजिल पर रहता है। केवल C, E के नीचे रहता है। D एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। P के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तीन |
| | ✗ 2. एक |
| | ✗ 3. चार |
| | ✓ 4. दो |

| | |
|---|---|
| Q.2 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEST' को '7642' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TURN' को '1536' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'T' का कूट क्या है? |
| Ans | ✗ 1. 1 |
| | ✗ 2. 4 |
| | ✗ 3. 7 |
| | ✓ 4. 6 |


| | |
|---|---|
| Q.3 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>150 139 128 117 106 ? |
| Ans | ✗ 1. 87 |
| | ✓ 2. 95 |
| | ✗ 3. 101 |
| | ✗ 4. 82 |


Q.4 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में अंतर्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

1. ✔ 

2. ✘ 

3. ✘ 

4. ✘ 

| | |
|---|---|
| Q.5 | **एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।**<br><br>**छह व्यक्ति, A, F, J, Q, R और Y, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। उनमें से कौन दाएं छोर पर बैठा है?**<br>**(I) Q और R के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। J, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।**<br>**(II) Q, J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। F, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।** |
| Ans | ✗ 1. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✗ 2. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✓ 3. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 4. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.6 | **दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।**<br><br>**कथन:**<br>**सभी बिल्ली, कार हैं।**<br>**सभी बिल्ली, पेड़ हैं।**<br>**सभी बिल्ली, प्लंबर हैं।**<br><br>**निष्कर्ष:**<br>**(I): सभी कार, प्लंबर हैं।**<br>**(II): कुछ प्लंबर, पेड़ हैं।** |
| Ans | ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **इस प्रश्न में, दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों के प्रभाव या एक उभयनिष्ठ कारण हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।**<br><br>**कथन:**<br>**I. देश में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।**<br>**II. हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाओं की माँग तेज़ी से बढ़ी है।** |
| Ans | ✔ 1. कथन I कारण है और कथन II इसका संभावित प्रभाव है। |
| | ✘ 2. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं। |
| | ✘ 3. कथन I और II दोनों एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं। |
| | ✘ 4. कथन II कारण है और कथन I इसका संभावित प्रभाव है। |

| | |
|---|---|
| Q.8 | **एक प्रश्न के बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।**<br><br>**पांच दोस्तों C, F, J, Q, और U की आयु अलग-अलग है। उनमें से कितने दोस्तों की आयु, U की आयु से अधिक है?**<br>**(I) केवल एक व्यक्ति की आयु, C की आयु से अधिक है। Q की आयु, F की आयु से अधिक है।**<br>**(II) U की आयु, C की आयु से अधिक है। F की आयु, J की आयु से अधिक है।** |
| Ans | ✔ 1. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✘ 2. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✘ 3. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✘ 4. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |

| Q.9 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br><br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'C x V + R – N ÷ M' है, तो C का M से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पिता की बहन के पुत्र की पत्नी |
| | ✗ 2. पिता के भाई के पुत्र की पुत्री |
| | ✗ 3. पिता की बहन के पुत्र की पुत्री |
| | ✓ 4. पिता के भाई के पुत्र की पत्नी |

| Q.10 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>66 70.2 82.2 86.4 98.4 102.6 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 112.6 |
| | ✓ 2. 114.6 |
| | ✗ 3. 120.2 |
| | ✗ 4. 106.8 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना अनुमत है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br>(4, 2, 8)<br>(8, 5, 33) |
| Ans | ✔ 1. 12, 5, 37 |
| | ✘ 2. 10, 4, 24 |
| | ✘ 3. 10, 5, 25 |
| | ✘ 4. 1, 3, 7 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | श्री लखन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 12 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाईं ओर मुड़ते हैं, 7 km ड्राइव करते हैं, बाईं ओर मुड़ते हैं और 11 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़ते हैं, 9 km ड्राइव करते हैं, बाईं ओर मुड़ते हैं और 16 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाईं ओर मुड़ते हैं और 30 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह बाईं ओर मुड़ते हैं, 15 km ड्राइव करते है और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।) |
| Ans | ✘ 1. 9 km दक्षिण की ओर |
| | ✔ 2. 14 km पश्चिम की ओर |
| | ✘ 3. 16 km उत्तर की ओर |
| | ✘ 4. 1 km पूर्व की ओर |


| | |
|---|---|
| Q.13 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✘ 1. RV-MP |
| | ✘ 2. LP-GJ |
| | ✘ 3. IM-DG |
| | ✔ 4. OS-JN |

| Q.14 | यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>92 × 4 ÷ 12 − 5 + 42 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 46 |
| | ✗ 2. 52 |
| | ✗ 3. 34 |
| | ✓ 4. 41 |

| Q.15 | सात बक्से, I, J, K, L, B, C और D, एक दूसरे के ऊपर रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>केवल J को ही B के ठीक ऊपर रखा गया है। D को C के ठीक ऊपर रखा गया है। L को K के ठीक ऊपर रखा गया है। D के ऊपर केवल दो बक्से रखे गए हैं। L को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है।<br>I और J के बीच कितने बक्से रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. तीन |
| | ✗ 2. चार |
| | ✗ 3. एक |
| | ✗ 4. दो |

| Q.16 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।<br><br>उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M + A @ N # D ÷ E' है, तो M का E से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पुत्री |
| | ✓ 2. बहन की पुत्री |
| | ✗ 3. बहन |
| | ✗ 4. बहन की माता |

| | |
|---|---|
| Q.17 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. EM-JI |
| | ✗ 2. PX-UT |
| | ✗ 3. MU-RQ |
| | ✓ 4. LT-PQ |

| | |
|---|---|
| Q.18 | दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जब दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है।<br> |
| Ans | ✗ 1.  |
| | ✓ 2.  |
| | ✗ 3.  |
| | ✗ 4.  |

| | |
|---|---|
| Q.19 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WEAR' को '5273' और 'RING' को '4162' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✓ 1. 2 |
| | ✗ 2. 4 |
| | ✗ 3. 3 |
| | ✗ 4. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर दिशा के अभिमुख बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✔ 1. 4 |
| | ✘ 2. 2 |
| | ✘ 3. 3 |
| | ✘ 4. 5 |

Section : **English**

| | |
|---|---|
| Q.1 | Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.<br><br>My brother was always good at ______ arithmetic. |
| Ans | ✔ 1. No article required |
| | ✘ 2. an |
| | ✘ 3. the |
| | ✘ 4. a |

| | |
|---|---|
| Q.2 | Select the most appropriate adverb to fill in the blank.<br><br>The jury ________ decided to postpone the verdict until everyone was fully questioned. |
| Ans | ✘ 1. irrevocably |
| | ✘ 2. arithmetically |
| | ✘ 3. scurrilously |
| | ✔ 4. eventually |

| Q.3 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br><br>A. They were built over a hundred years ago by British settlers who sought relief from the searing heat of the plants.<br>B. The Oaks, Holly Mount, the Personage, the Pines, Dumbarnie, Mackinnon's Hall, and Windermere.<br>C. A few fell into decay and now are inhabited by wild cats, owls, goats, and the occasional mule-driver.<br>D. These are names of some of the old houses that still stand on the outskirts of one of the larger Indian hill-stations. |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. BDAC |
| | ✗ 2. DCBA |
| | ✗ 3. CDBA |
| | ✗ 4. ACBD |

| Q.4 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined phrase in the following sentence.<br><br>With that in mind, Tesco, one of the world's top five<u>people who own or manage a store that sells goods to the public</u>, introduced its Greener Living Program, which demonstrates the company's commitment to protecting the environment by involving consumers to produce tangible results. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. consumers |
| | ✔ 2. retailers |
| | ✗ 3. exporters |
| | ✗ 4. aggregators |

| Q.5 | Select the INCORRECTLY spelt word.<br><br>The bite-sized portions of history served on social media stroke our eternally wounded sentiments but do not teach us sckepticism. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. eternally |
| | ✓ 2. sckepticism |
| | ✗ 3. sentiments |
| | ✗ 4. portions |

| Q.6 | Select the most appropriate meaning of the given phrase.<br><br>No man is an island. |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. All human beings are interconnected for support and survival. |
| | ✗ 2. Everyone is an island, distinct and isolated. |
| | ✗ 3. To anticipate future happenings and events |
| | ✗ 4. To abruptly move or walk into view |

| Q.7 | Select the most appropriate meaning of the given idiom.<br><br>The pot calling the kettle black |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. Criticising someone for a fault one also possesses |
| | ✗ 2. Ignoring a minor flaw in oneself |
| | ✗ 3. Being critical of someone for something they do not understand |
| | ✗ 4. Complaining about a problem one has solved |

| Q.8 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>The documents were placed carefully ______ the desk for easy access. |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. on |
| | ✗ 2. beside |
| | ✗ 3. behind |
| | ✗ 4. under |

| Q.9 | Select the most appropriate synonym for the underlined word in the given sentence.<br><br>It was a fascinating discovery as we uncovered ornamental stones that had been hidden beneath the throne. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. obnoxious |
| | ✗ 2. repulsive |
| | ✓ 3. enchanting |
| | ✗ 4. ponderous |

| Q.10 | Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.<br><br>As a veteran journalist, she knew exactly how to get to the heart of a story. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Fallible |
| | ✗ 2. Seasoned |
| | ✗ 3. Conditioned |
| | ✓ 4. Novice |

| Q.11 | Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence and select the option that rectifies it.<br><br>Despite the peccadillo in his youth, he has now grown into an extremely responsible and steedfast individual. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. responsibal |
| | ✗ 2. extreemly |
| | ✓ 3. steadfast |
| | ✗ 4. peccadilo |

| Q.12 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>Rani was afraid _______ she should fall. |
| --- | --- |
| Ans | ✗ 1. and |
| | ✓ 2. lest |
| | ✗ 3. but |
| | ✗ 4. yet |

| Q.13 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined phrase in the following sentence.<br><br>Cinnamon was known in Biblical times, and is mentioned in several books of the Bible, both as a/an <u>part of the mixture or compound</u>that was mixed with oils for anointing people's bodies, and also as a token indicating friendship among lovers and friends. |
| --- | --- |
| Ans | ✗ 1. appetizer |
| | ✗ 2. iceberg |
| | ✗ 3. additive |
| | ✓ 4. ingredient |

| Q.14 | Select the most appropriate option to fill in the blanks.<br><br>Amidst the dense fog, he could barely make out ____ silhouette of what seemed to be ____ enormous truck barreling down the wrong lane. |
| --- | --- |
| Ans | ✗ 1. a; an |
| | ✗ 2. a; the |
| | ✓ 3. the; an |
| | ✗ 4. the; the |

| | |
|---|---|
| Q.15 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br>A. From that moment on, I realised mathematics could be simple and beautiful.<br>B. As a result, the subject gradually became clear to me.<br>C. Then, I recall reaching the thirteenth proposition and having an 'aha' moment.<br>D. At first, I struggled with Geometry and found it quite abstract. |
| Ans | ✗ 1. ADCB |
| | ✗ 2. BCAD |
| | ✓ 3. DCBA |
| | ✗ 4. DABC |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |

Read the given passage and answer the questions that follow.

We probably owe our existence to a catastrophic cosmic impact. Some 66 million years ago, an unimaginable natural disaster put a permanent end to the dinosaurs. This suddenly opened new, rapid evolutionary possibilities for mammals, ultimately including primates. The rest is history, as the saying goes: If the dinosaurs hadn't become extinct, Homo sapiens would almost certainly never have walked the earth.

We now know that dinosaurs first appeared on the scene some 230 million years ago, and from just under 200 million years ago were the dominant life form on Earth. They might still have been so today had the cosmos not put a stop to that.

We know from geological research that dinosaurs became extinct 66 million years ago, at the threshold of the Cretaceous and Paleogene periods. These time periods are often defined by the fossils found in ancient rock layers, so it is no coincidence that the disappearance of the horned Triceratops and the dreaded Tyrannosaurus rex coincided with such a geological transition. At the same time, countless other life-forms also disappeared, both on land and in the ocean. In total, three-quarters of all biological species on Earth perished. The term 'mass extinction' is therefore no exaggeration.

Dinosaurs, which had ruled the planet for tens of millions of years, did not see their sudden end coming. But we humans are well aware of the danger, and it would be completely irresponsible of us not to properly assess the risks, and not to think about ways to avert such a fate.

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 16** |
| **Q.16** | **Which of the following statements is true, based on the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. Homo sapiens appeared on the Earth around 66 million years ago. |
| | ✓ 2. The dinosaurs disappeared as part of a mass extinction caused by a cosmic impact. |
| | ✗ 3. Dinosaurs would have been the dominant life form on Earth had they survived until today. |
| | ✗ 4. The Triceratops disappeared before the Tyrannosaurus Rex. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |

| | |
|---|---|
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>We probably owe our existence to a catastrophic cosmic impact. Some 66 million years ago, an unimaginable natural disaster put a permanent end to the dinosaurs. This suddenly opened new, rapid evolutionary possibilities for mammals, ultimately including primates. The rest is history, as the saying goes: If the dinosaurs hadn't become extinct, Homo sapiens would almost certainly never have walked the earth.<br><br>We now know that dinosaurs first appeared on the scene some 230 million years ago, and from just under 200 million years ago were the dominant life form on Earth. They might still have been so today had the cosmos not put a stop to that.<br><br>We know from geological research that dinosaurs became extinct 66 million years ago, at the threshold of the Cretaceous and Paleogene periods. These time periods are often defined by the fossils found in ancient rock layers, so it is no coincidence that the disappearance of the horned Triceratops and the dreaded Tyrannosaurus rex coincided with such a geological transition. At the same time, countless other life-forms also disappeared, both on land and in the ocean. In total, three-quarters of all biological species on Earth perished. The term 'mass extinction' is therefore no exaggeration.<br><br>Dinosaurs, which had ruled the planet for tens of millions of years, did not see their sudden end coming. But we humans are well aware of the danger, and it would be completely irresponsible of us not to properly assess the risks, and not to think about ways to avert such a fate. |
| | **SubQuestion No : 17** |
| **Q.17** | **Which of the following statements accurately describes the structure of the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. The passage presents proof that dinosaurs were destroyed in a 'mass extinction', before arguing that humans are unlikely to suffer the same fate as, unlike dinosaurs, they know what could happen. |
| | ✗ 2. The passage presents the instance of the extinction of Triceratops and the Tyrannosaurus Rex to say that while tragic, humans should be thankful for this, as it led to them being the dominant life form on Earth. |
| | ✗ 3. The passage argues that humans owe a lot to dinosaurs, before going on to present evidence proving that dinosaurs were destroyed through a devastating cosmic impact. |

| | |
|---|---|
| | ✔ 4. The passage presents the instance of the disappearance of dinosaurs though cosmic impact, before moving on to urge humans to take heed of such dangers and try to avoid them. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>We probably owe our existence to a catastrophic cosmic impact. Some 66 million years ago, an unimaginable natural disaster put a permanent end to the dinosaurs. This suddenly opened new, rapid evolutionary possibilities for mammals, ultimately including primates. The rest is history, as the saying goes: If the dinosaurs hadn't become extinct, Homo sapiens would almost certainly never have walked the earth.<br><br>We now know that dinosaurs first appeared on the scene some 230 million years ago, and from just under 200 million years ago were the dominant life form on Earth. They might still have been so today had the cosmos not put a stop to that.<br><br>We know from geological research that dinosaurs became extinct 66 million years ago, at the threshold of the Cretaceous and Paleogene periods. These time periods are often defined by the fossils found in ancient rock layers, so it is no coincidence that the disappearance of the horned Triceratops and the dreaded Tyrannosaurus rex coincided with such a geological transition. At the same time, countless other life-forms also disappeared, both on land and in the ocean. In total, three-quarters of all biological species on Earth perished. The term 'mass extinction' is therefore no exaggeration.<br><br>Dinosaurs, which had ruled the planet for tens of millions of years, did not see their sudden end coming. But we humans are well aware of the danger, and it would be completely irresponsible of us not to properly assess the risks, and not to think about ways to avert such a fate. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 18** |
| **Q.18** | **Which of the following statements can be inferred from the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. The Triceratops was one of the most dangerous dinosaurs of its era. |
| | ✓ 2. Humans are vulnerable to the same phenomenon that led to the extinction of the dinosaurs. |
| | ✗ 3. Before the said cosmic impact, primates and mammals were competing with dinosaurs for dominance on Earth. |
| | ✗ 4. The Cretaceous and Paleogene periods are responsible for most of the fossils we find today. |

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

We probably owe our existence to a catastrophic cosmic impact. Some 66 million years ago, an unimaginable natural disaster put a permanent end to the dinosaurs. This suddenly opened new, rapid evolutionary possibilities for mammals, ultimately including primates. The rest is history, as the saying goes: If the dinosaurs hadn't become extinct, Homo sapiens would almost certainly never have walked the earth.

We now know that dinosaurs first appeared on the scene some 230 million years ago, and from just under 200 million years ago were the dominant life form on Earth. They might still have been so today had the cosmos not put a stop to that.

We know from geological research that dinosaurs became extinct 66 million years ago, at the threshold of the Cretaceous and Paleogene periods. These time periods are often defined by the fossils found in ancient rock layers, so it is no coincidence that the disappearance of the horned Triceratops and the dreaded Tyrannosaurus rex coincided with such a geological transition. At the same time, countless other life-forms also disappeared, both on land and in the ocean. In total, three-quarters of all biological species on Earth perished. The term 'mass extinction' is therefore no exaggeration.

Dinosaurs, which had ruled the planet for tens of millions of years, did not see their sudden end coming. But we humans are well aware of the danger, and it would be completely irresponsible of us not to properly assess the risks, and not to think about ways to avert such a fate.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 From the options given, what is the closest ANTONYM of the word 'catastrophic', as used in the passage?**

**Ans**

✗ 1. destructive

✗ 2. calamitous

✗ 3. catatonic

✓ 4. fortuitous

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

We probably owe our existence to a catastrophic cosmic impact. Some 66 million years ago, an unimaginable natural disaster put a permanent end to the dinosaurs. This suddenly opened new, rapid evolutionary possibilities for mammals, ultimately including primates. The rest is history, as the saying goes: If the dinosaurs hadn't become extinct, Homo sapiens would almost certainly never have walked the earth.

We now know that dinosaurs first appeared on the scene some 230 million years ago, and from just under 200 million years ago were the dominant life form on Earth. They might still have been so today had the cosmos not put a stop to that.

We know from geological research that dinosaurs became extinct 66 million years ago, at the threshold of the Cretaceous and Paleogene periods. These time periods are often defined by the fossils found in ancient rock layers, so it is no coincidence that the disappearance of the horned Triceratops and the dreaded Tyrannosaurus rex coincided with such a geological transition. At the same time, countless other life-forms also disappeared, both on land and in the ocean. In total, three-quarters of all biological species on Earth perished. The term 'mass extinction' is therefore no exaggeration.

Dinosaurs, which had ruled the planet for tens of millions of years, did not see their sudden end coming. But we humans are well aware of the danger, and it would be completely irresponsible of us not to properly assess the risks, and not to think about ways to avert such a fate.

**SubQuestion No : 20**

| | |
|---|---|
| **Q.20** | **Which of the following is the most suitable title for the passage?** |
| **Ans** | ✔ 1. The Catastrophe that Paved the Way for Humanity |
| | ✘ 2. How did the Dinosaurs Die? |
| | ✘ 3. Dinosaurs and Humans |
| | ✘ 4. The Age of the Dinosaurs |